आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

विश्व वन्यजीव दिवस

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड–एन.बी.डब्ल्यू.एल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एन.बी.डब्ल्यू.एल में 47 सदस्य हैं और प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष हैं। यह बोर्ड वन्यजीवों और वनों के संरक्षण व विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। प्रधानमंत्री इस दौरान वन्यजीवों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए फिल्ड स्टाफ के लिए गश्त करने वाली बाईक को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा उनका ईको गाईड, ट्रैकर्स और फिल्ड स्टाफ के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में दोपहर बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में 10 मार्च से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा नयी आबकारी नीति, पटवारी कानूनगो भर्ती व पदोन्नति नियम के संबंध में भी कैबिनेट में कोई निर्णय हो सकता है। कैबिनेट में बस किराए में वृद्धि को मंजूरी देने के मामले पर भी चर्चा हो सकती है। इसके अतिरिक्त स्कूलों व कॉलेजों के युक्तिकरण पर भी मंत्रिमंडल द्वारा कोई निर्णय लेने की संभावना है। बैठक में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने और विधानसभा के बजट सत्र में लाये जाने वाले संशोधनों को भी मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल सकती है।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। नाहन में राज्यस्तरीय सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन अवसर पर उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश के छात्रों में सीखने का स्तर सबसे अधिक है और शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक समय की मांग के अनुसार सुधार किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक सम्मेलन में 3 सौ 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि

मंडी में इन दिनों अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की धूम है। महोत्सव में जहां विकास को दर्शाती हुई प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं तो वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश–प्रदेश ही नहीं बल्कि विदेशों से आए सांस्कृतिक दल भी अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह रहे हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे मंडी संवाददाता।

अंतिम विदाई

डेरा बाबा रूद्रानंद के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज को आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। इस दौरान ऊना में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में प्रदेश सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। हालांकि बोर्ड की परीक्षाएं यथावत चलती रहेंगी। सुग्रीवानंद महाराज के निधन पर कांग्रेस व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

मौसम

प्रदेश में बीते दिनों ऊंचाई वाले इलाकों में हुए हिमपात और अन्य क्षेत्रों में व्यापक वर्षा के बाद जनजातीय क्षेत्रों में अभी भी जनजीवन पटरी पर नहीं लौटा है। इन क्षेत्रों में अभी भी बिजली, पानी व सड़क यातायात की सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो पाई है। हालांकि इन व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का प्रयास लगातार जारी है। लाहौल के जोबरंग के फाड़ी नाले में हिमस्खलन होने से चिनाव नदी का बहाव रूक गया है जिससे जोबरंग पंचायत के तीन गांवों को जोड़ने वाले चिनाव नदी के ऊपर बने पुल को क्षति पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। इस बीच आज प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज से मौसम के एक बार फिर करवट लेने की संभावना जताई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।